तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 14 जुलाई 2026



11 आफत बनी सुंदरलाल शर्मा चौक की पुलिया, चोक...





12 श्रद्धालुओं की आस्था के धन में अनियमितता बर्दाश्त नहीं...







LIFE CARE DIAGNOSTIC CENTRE

Your Health, Our Priority

राजिम नवापारा में पहली बार MRI MACHINE का आगाज

अब उन्नत तकनीक, सटीक जांच और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं आपके शहर में

50% OFF

GRAND OPENING Ceremony

उदघाटन 13 जुलाई 2026, दिन - सोमवार



Pattharra Mode, College Road, Vyavahar Nyayalay ke Pass, Rajim, Contact : +91 86022 59351



प्रवेश प्रारंभ

B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA PG Diploma in Yoga Edu.

AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त (पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)

नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

मो.न. - 8103982557


समस्या : साइड देते ही पलट रहे वाहन, शोल्डर किनारे 3 से 4 फीट गहरे गड्ढे

# एनएच 130 सी से साइड शोल्डर गायब, रोजाना पलट रहे वाहन, एक साल में 50 मौतें और 170 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

राजधानी रायपुर को गरियाबंद, मैनपुर, देवभोग होते हुए पड़ोसी राज्य ओडिशा से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग 130-सी इन दिनों राहगीरों के लिए 'यमराज का मार्ग' साबित हो रहा है। झरियाबाहरा से लेकर मंदांगमुड़ा (गोहरापदर) तक के 50 किलोमीटर के इस संकरे और सिंगल मार्ग पर आए दिन हो रहे भीषण हादसों से सड़क लाल हो रही है। विभागीय उदासीनता का आलम यह है कि पिछले महज एक वर्ष के भीतर इस मार्ग पर अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 50 बेकसूर लोगों की असमय मौत हो चुकी है, जबकि 170 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल होकर अपाहिज हो चुके हैं। इस भयावह स्थिति को लेकर समूचे क्षेत्र की जनता में भारी आक्रोश और दहशत का माहौल है।

लगभग 195 किलोमीटर लंबे इस मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित हुए 10 वर्ष का लंबा अरसा बीत चुका है, लेकिन आज तक इसकी सूरत नहीं बदल सकी। वर्तमान में झरियाबाहरा, बरदुला घाटी, तौरेंगा, जुगाड़, बम्हनीझोला और इंदागांव के आसपास सड़क के दोनों ओर की पटरियां पूरी तरह गायब हो ▶▶| शेष पेज 10 पर



## दिखावा साबित हुई मिट्टी की फिलिंग, बोल्डर और गिट्टी डालने की मांग

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कुछ समय पहले राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा जेसीबी मशीन से सड़क किनारे के इन खतरनाक गड्ढों में सिर्फ मिट्टी डलवाकर औपचारिकता पूरी कर ली गई थी। पहली ही तेज बारिश में वह पूरी मिट्टी बह गई और स्थिति पहले से भी ज्यादा विकराल हो गई। क्षेत्रवासियों और वाहन चालकों की मांग है कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़क के दोनों ओर कम से कम 5-5 फीट चौड़ाई में बोल्डर और गिट्टी डालकर रोलर से दबाया जाए (मजबूत सोल्डर निर्माण), ताकि बारिश के दिनों में साइड देने के दौरान गाड़ियां न धंसें। पटरियां न होने के कारण कई बार वाहन चालकों के बीच सड़क पर ही गाली-गलौज और विवाद की नौबत आ रही है और प्रतिदिन घंटों का लंबा चक्काजाम लग रहा है।



### भाजपा सरकार और विभाग की लापरवाही से हो रहे हादसे : विधायक



बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा की झरियाबाहरा से मंदांगमुड़ा तक नेशनल हाईवे 130-सी की स्थिति बदतर हो चुकी है। बारिश के इस मौसम में इस सिंगल मार्ग पर साइड देते समय रोजाना गाड़ियां दुर्घटनाग्रस्त हो रही हैं। इस गंभीर जनसमस्या की ओर न तो संबंधित विभाग ध्यान दे रहा है और न ही प्रदेश की भाजपा सरकार। हमारी मांग है कि सिंगल मार्ग के साइड सोल्डर में तत्काल गिट्टी और मुरम भरकर इसे दुरुस्त किया जाए, वरना यह बारिश लोगों के लिए और अधिक जानलेवा साबित होगी।

### सरकार को भारी राजस्व, फिर भी मरम्मत शून्य: नेताम



लोकेश्वरी नेताम जिला पंचायत सदस्य ने कहा की यह हाईवे छत्तीसगढ़ और ओडिशा को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है, जहां से प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। इस रूट से सरकार को भारी-भरकम राजस्व की प्राप्ति होती है, इसके बावजूद सड़क की मरम्मत की दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आए दिन हो रही मौतों के लिए सीधे तौर पर संबंधित विभाग जिम्मेदार है। बारिश में गाड़ियां फंस रही हैं और लोग अपनी जान गंवा रहे हैं।

### भगवान भरोसे चल रहे हैं इस मार्ग पर राहगीर : ठाकुर



स्मृति ठाकुर पूर्व अध्यक्ष, जिला पंचायत गरियाबंद ने कहा की एक तरफ भाजपा सरकार अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर ओडिशा को जोड़ने वाले इस इतने महत्वपूर्ण नेशनल हाईवे पर लाखों लोग प्रतिदिन अपनी जान जोखिम में डालकर चलने को मजबूर हैं। सड़क किनारे जानलेवा गड्ढे हो चुके हैं, लेकिन अफसरों को यह दिखाई नहीं देता। इस मार्ग पर चलने वाले लोग पूरी तरह भगवान भरोसे हैं।

### उच्च अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया है : पुजारी



पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा की झरियाबाहरा से मंदागमुड़ा तक सड़क के सिंगल होने के कारण क्षेत्र की जनता और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों आयोजित एक प्रशासनिक शिविर में मैंने स्वयं विभाग के उच्च अधिकारियों को इस समस्या की गंभीरता से अवगत कराया था। आवागमन को सुचारू बनाने के लिए सड़क के दोनों ओर गिट्टी-बोल्डर डालकर मजबूत पटरी का निर्माण अत्यंत आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### मंदिर चंदा चोरी पर कांग्रेस ने निकाली रैली, किया प्रदर्शन



**अभनपुर।** अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों को लेकर छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पीसीसी सचिव प्रवीण साहू के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर के कार्यकर्ताओं ने सद्भावना कुटी से बस स्टैंड तक बाइक रैली निकाली। हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड में प्रदर्शन किया और मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई। इस मौके पर विद्याभूषण सोनवानी, विमल साहू, नंद कुमार साहू, श्रीमती किरण साहू, श्रीमती भुवनेश्वरी सिन्हा, श्रीमती राखी ध्रुव, बलविंदर गांधी, नीलकमल गिलहरे, वीरेंद्र प्रताप सिन्हा, डोमेंद्र साहू, बीरबल टंडन, राजेश साहू, दिनेश अंबिलकर, प्रहलाद साहू, पंडेल जी, शैलेंद्र यादव, मदन लाल गिलहरे, मोंटू भार्गव, रूपेश बांधे, डोमेश सिन्हा, बुसाक चतुर्वेदानी, सुमित तंबोली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे।

### कक्षा 6वीं प्रवेश चयन परीक्षा की अंतिम मेरिट सूची जारी

**गरियाबंद।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के निर्देश पर जिले में जवाहर उत्कर्ष योजना अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 5 जुलाई 2026 को किया गया था। परीक्षा का प्रारंभिक परिणाम जारी कर 9 जुलाई 2026 तक दावा एवं आपत्ति आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण के उपरांत अंतिम मेरिट सूची जारी कर दी गई है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि अंतिम मेरिट सूची के अनुसार प्रथम 5 अनुसूचित जनजाति तथा 2 अनुसूचित जाति वर्ग के अभ्यर्थियों को 14 जुलाई 2026 को काउंसिलिंग के लिए आमंत्रित किया गया है। संबंधित अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि में कार्यालयीन समय में उपस्थित होने को कहा गया है।

### एक ही रात में दो ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**अभनपुर।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात फांसी लगने की दो घटनाएं सामने आई हैं। बकतरा गांव में एक 59 वर्षीय ग्रामीण और आमनेर गांव में एक महिला का शव उनके घरों में फंदे से लटका मिला। दोनों घटनाओं से क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम बकतरा निवासी भूषण साहू (59) का शव उनके घर के कमरे में पंखे से स्कार्फ के फंदे पर लटका मिला। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, पंचनामा कार्रवाई ▶▶| शेष पेज 10 पर

# राम मंदिर में कथित चोरी के विरोध में कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन, तिरंगा चौक पर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



राम मंदिर में हुई कथित करोड़ों रुपये की चोरी के विरोध में सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने गरियाबंद में जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस भवन से रैली निकालकर तिरंगा चौक पहुंचे कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए घटना की निष्पक्ष जांच, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और पूरे मामले का खुलासा करने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा, पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ला और जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने किया। हाथों में तख्तियां और पोस्टर लिए कार्यकर्ताओं ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश की सबसे बड़ी आस्था से जुड़े स्थल पर इस तरह की घटना बेहद गंभीर है और इसकी पारदर्शी जांच होनी चाहिए। जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि राम मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। ऐसे स्थान पर कथित करोड़ों रुपये की चोरी होना सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर चूक को दर्शाता है। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और यदि किसी प्रभावशाली व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाए।

पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ला ने आरोप लगाया कि सरकार इस मामले में अपनी जवाबदेही से बच नहीं सकती। उन्होंने कहा कि घटना कानून-व्यवस्था और सुरक्षा तंत्र की विफलता को उजागर करती है। कांग्रेस पूरे मामले की पारदर्शी जांच और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग करती है। जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा कि आस्था के केंद्र में हुई यह घटना पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने उच्चस्तरीय जांच कर सच्चाई जनता के सामने लाने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ ▶▶| शेष पेज 10 पर

## श्री शनिदेव मंदिर में मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा ...



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के सरईपानी धुरवागुड़ी में श्री शनिदेव मंदिर का निर्माण कर विधि विधान एवं परंपरा अनुसार मूर्ति स्थापना प्राण -प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। कृष्णकुमार गुप्ता एवं वृंदादेवी गुप्ता एवं परिवार द्वारा यह मंदिर का निर्माण किया गया है। प्रथम दिन पूजा अर्चना के साथ भव्य कलशयात्रा निकाली गई और मंत्रेचारण के साथ विधि-विधान के साथ मूर्ति स्थापना किया गया। आचार्य गजमोहन दास वैष्णव, मनोज दास वैष्णव पानीगांव अमलीपदर द्वारा पूजा अर्चना कराई गई। इस दौरान संतोष गुप्ता, प्रिती गुप्ता द्वारा विशेष पूजा अर्चना किया गया। इस दौरान पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी, सेवन पुजारी, जयमल यादव सहित क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

डंप कर हाईवा से हो रही सप्लाई, पार्षद ने की कार्रवाई की मांग

# पितईबंद मार्ग बना अवैध रेत परिवहन का कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम नगर में अवैध रेत कारोबार का नेटवर्क लगातार फैलता जा रहा है। रेत माफिया अब नया तरीका अपनाकर पहले ट्रैक्टरों से रेत लाकर शहर के अलग-अलग स्थानों पर डंप कर रहे हैं, फिर जेसीबी की मदद से उसी रेत को हाईवा में लोड कर बड़े शहरों में ऊंचे दामों पर खपाया जा रहा है। इस पूरे खेल से स्थानीय लोग परेशान हैं, वहीं प्रशासन की कार्रवाई पर भी सवाल उठने लगे हैं। नगर पंचायत राजिम के वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद अजय पटेल ने पितईबंद रोड आमापारा मार्ग से गुजरने वाले अवैध रेत से भरे ट्रैक्टरों एवं भारी वाहनों पर रोक लगाने की मांग को लेकर थाना प्रभारी राजिम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि इस मार्ग से दिन-रात भारी वाहन गुजरने से मोहल्लेवासियों, स्कूली बच्चों और राहगीरों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। जानकारी के अनुसार पथर्रा-पेट्रोल पंप रोड, पितईबंद रोड सहित नगर के कई स्थानों पर बड़ी मात्रा में रेत के अवैध डंप मौजूद हैं।

### पितईबंद की रेत का नवापारा में हो रहा रात के अंधेरे में डंप

जानकारी में आई है कि यह वही पितईबंद घाट है जो दो साल पहले अखबारो की सुर्खिया बनी थी अब इसी रेत घाट से फिर रात 1 बजे से लेकर सुबह 5 बजे तक ट्रैक्टर में रेत भरकर माफिया लगातार नवापारा ले जा रहे है और वहां एक पेट्रोल पंप के बाजू में डंपिंग कर दिन में मोटी कीमत लेकर हाइवा से दीगर जगह सप्लाई कर रहे है। राजिम शहर के नागरिको ने एसडीएम राजिम एवं पुलिस प्रशासन से इस पर तत्काल संज्ञान लेकर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए घाट में मौजूद चैन माऊंटेन मशीन एवं रेत ढुलाने वाले ट्रैक्टर को जप्त कर माफिया के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। देखना होगा कि प्रशासन और पुलिस इस पर क्या कार्रवाई करती है।

# नवापारा में सांडों का जमावड़ा राहगीरों को कर रहे घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



नगर का सबसे बड़ा व्यावसायिक केंद्र नवापारा इन दिनों आवारा सांडों के आतंक से जूझ रहा है। शहर की लगभग हर प्रमुख सड़क, बाजार और चौक पर सांडों का जमावड़ा आम बात हो गई है। हालात ऐसे बन गए हैं कि लोग बाजार जाने से पहले भी सावधानी बरतने को मजबूर हैं। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि ये सांड कई बार बिना किसी उकसावे के राहगीरों पर हमला कर देते हैं, जिससे अनेक लोग घायल हो चुके हैं। नगर के सदर बाजार, चांदी चौक, कुम्हार हटरी, सुभाष चौक हटरी, बस स्टैंड, गंज मार्ग, इंदिरा मार्केट की सब्जी मंडी तथा महानदी पुल के आसपास बड़ी संख्या में सांड खुलेआम घूमते दिखाई देते हैं। दिनभर बाजारों में लोगों की भीड़ और वाहनों की आवाजाही के बीच इनका विचरण दुर्घटना की आशंका को लगातार बढ़ा रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों में शहर में सांडों की संख्या अचानक बढ़ गई है। आखिर इतनी बड़ी संख्या में सांड ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### मवेशियों का अवैध परिवहन, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** मवेशियों का अवैध परिवहन करने के मामले में बसना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध कार्रवाई की है। पुलिस ने सूचना मिलने पर 12 जुलाई को वाहन क्र. सीजी 09 जेबी 5574 में क्रूरतापूर्वक भरा गया है, और वाहन को छोड़कर चालक कहीं चला गया था। जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर दो रास गोवंश को बरामद किया है। मामले की रिपोर्ट गोसेवा आयोग बसना विकास खंड के अध्यक्ष नंदकिशन साव ने दर्ज कराई है।

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** जमीन विवाद के चलते मारपीट किए जाने के मामले में आरोपियों के खिलाफ बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि रेमड़ा निवासी छेदीलाल परमार अपने साथी गोवर्धन बारिक के साथ 9 जुलाई को बाइक से घर जा रहा था। गांव के नवीन बाघ के घर के पास पहुंचने पर नवीन बाघ व प्रवीण बाघ की पत्नी अनीता बाघ वहां पर आ गये और जमीन विवाद की पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया। मामलेकी रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

### बाइक से गिरे युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा में बाइक से गिरे युवक के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 12 जुलाई की शाम 6 बजे बेलसोंडा का गैंदलाल चंद्राकर बाइक से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान गौरव जांगड़े अपनी बाइक को प्रार्थी की बाइक की ओर ले गया, जिससे दोनों गिर गए। इसी दौरान गौरव जांगड़े ने गैंदलाल के पीठ में मुक्का मार दिया और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

# मानसून पर लगा ब्रेकः खेतों की सूखने लगी नमी, अब तक मात्र 50 प्रतिशत बोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले में इस वर्ष मानसून की शुरुआत उम्मीदों के साथ हुई थी लेकिन अब तक औसत से कम वर्षा दर्ज होने के कारण किसानों की चिंता बढ़ने लगी है। कुछ दिनों पहले मानसून सक्रिय होने से जिले के विभिन्न हिस्सों में अच्छी बारिश हुई थी जिससे धान की बुवाई, रोपाई और खेतों की तैयारी जैसे कृषि कार्यों में तेजी आई थी किसानों को उम्मीद थी कि लगातार बारिश से खरीफ फसलों को पर्याप्त नमी मिलती रहेगी लेकिन मानसून में आए ब्रेक ने स्थिति को फिर चिंताजनक बना दिया है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में किसान धान की खेती पर निर्भर हैं। छोटे जिन किसानों ने बुवाई और रोपाई पूरी कर ली है वे अब फसलों के लिए नियमित बारिश का इंतजार कर रहे हैं। खेतों में पर्याप्त पानी नहीं मिलने पर पौधों की बढ़वार प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। वहीं जिन किसानों की बुवाई अभी शेष है उनके लिए भी बारिश का रुकना परेशानी का कारण बन गया है। किसानों का कहना है कि शुरुआती बारिश से खेती के कामों में गति आई थी और खेतों में अच्छी नमी बन गई थी लेकिन पिछले कुछ दिनों से बारिश नहीं होने के कारण मिट्टी की नमी कम होने लगी है यदि जल्द ही मानसून दोबारा सक्रिय नहीं हुआ तो फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है मानसून ब्रेक का असर आम जनजीवन पर भी साफ दिखाई दे रहा है। बारिश थमने के बाद जिले में उमस भरी गर्मी बढ़ गई है।

## सिंचाई संसाधनों के अभाव में आसमान की ओर ताक रहे किसान



### - नियमित और संतुलित वर्षा जरूरी

खरीफ सीजन के इस महत्वपूर्ण समय में नियमित और संतुलित वर्षा बेहद जरूरी है समय पर बारिश होने से धान सहित अन्य खरीफ फसलों की बढ़वार बेहतर होती है और उत्पादन में वृद्धि की संभावना रहती है यदि बारिश में अधिक लंबा अंतराल बना रहता है तो सिंचाई पर निर्भरता बढ़ सकती है जिससे किसानों की लागत भी बढ़ेगी यदि आने वाले दिनों में मानसून के फिर से सक्रिय होने की संभावना बनी हुई है ऐसे में किसान और आम नागरिक दोनों ही जल्द नियमित बारिश शुरू होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं जिले में हर किसी की नजर अब आसमान पर टिकी है क्योंकि समय पर होने वाली अच्छी बारिश ही खेती और जनजीवन दोनों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। हालंकि कृषि विभाग के अधिकारियों का दावा है कि 50 प्रतिशत बोआई कार्य हो चुका है लेकिन मैनपुर देवभोग क्षेत्र में सिंचाई का पर्याप्त साधन नहीं होने से मात्र 20 प्रतिशत किसान ही धान की बोआई कर पाये है और बाकी किसान बारिश का इतिजार कर रहे है बारिश नही होने से खेती किसानी कार्य पूरी तरह थम गया है और किसान बेहद परेशान हो गये है।

## कार्यक्रम : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह का समापन

# मेधावियों की प्रतिभा राष्ट्र निर्माण और समाज उत्थान में हो समर्पित : राजपूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, फिंगेश्वर इकाई के तत्वावधान में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के सम्मानार्थ"प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह" का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों का सम्मान करते हुए उनमें राष्ट्रनिर्माण, चरित्र निर्माण एवं सतत उत्कृष्टता के प्रति प्रेरणा जागृत करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक सिंह राजपूत (वरिष्ठ भाजपा नेता, नमामि गंगे प्रदेश संयोजक एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता) एवं मुख्य वक्ता सूर्यश कश्यप (प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद) उपस्थित रहे। उनके साथ क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से पधारे प्राचार्यगण, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लगा दिए।मुख्य अतिथि अशोक सिंह राजपूत ने विद्यार्थियों से कहा कि प्रतिभा तभी सार्थक होती है जब वह राष्ट्र व समाज के उत्थान में समर्पित हो।उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं उच्च नैतिक मूल्यों के साथ जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया तथा उन्हें भविष्य की सफलताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।





### ज्ञान, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास जरूरीः सूर्यश

मुख्य वक्ता सूर्यश कश्यप ने कहा कि विद्यार्थी परिषद सदैव विद्यार्थियों के सवांर्गीण विकास के लिए कार्य करती रही है।उन्होंने विद्यार्थियों को केवल परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने तक सीमित न रहकर ज्ञान,संस्कार, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का भी विकास करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आज सम्मानित हुए विद्यार्थी आने वाले समय में समाज और राष्ट्र के आदर्श नागरिक बनकर देश की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र एवं मेडल स्मृति-चिह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के चेहरों पर हर्ष एवं गौरव का भाव स्पष्ट दिखाई दिया। परिषद के इस अभिनव प्रयास ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सकारात्मक प्रतिस्पर्धा एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम का सफल संचालन नगर मंत्री वात्सल्यधर दीवान द्वारा प्रभावपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से किया गया।इस अवसर पर अमित अग्रवाल, पीयूष श्रीवास्तव, सौभाग्य साहू सहित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद,फिंगेश्वर इकाई के समस्त दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।कार्यक्रम के अंत में परिषद परिवार ने सभी सम्मानित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि ये प्रतिभावान विद्यार्थी अपने ज्ञान, संस्कार, परिश्रम एवं राष्ट्रनिष्ठा के बल पर समाज एवं राष्ट्र का नाम गौरवान्वित करेंगे।

## माधुरी अग्रगामी महिला सम्मान से विभूषित




**नवापारा-राजिम।** राजधानी रायपुर में प्रदेश की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था वक्ता मंच एवं जन एकता फाउंडेशन द्वारा आयोजित भव्य अग्रगामी महिला सम्मान समारोह-2026 में प्रदेश सह-समन्वयक माधुरी साहू को समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, जनजागरण एवं सामाजिक समरसता के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट और प्रेरणादायी योगदान के लिए अग्रगामी महिला सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 100 उत्कृष्ट महिलाओं को प्रदान किया गया। इनमें माधुरी साहू का चयन समाज सेवा, महिला उत्थान और जनहित के लिए किए गए उनके निरंतर योगदान, समर्पण और सेवा भावना के आधार पर किया गया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर समाज के विभिन्न वर्गों, शुभचिंतकों तथा क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त की है।

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष लाला साहू का स्वागत...



**राजिम।** राजिम भक्तिन माता समिति के चुनाव में एकतरफा जीत हासिल कर दोबारा निर्वाचित अध्यक्ष बनने वाले लाला साहू का स्वागत सम्मान एवं अभिनंदन करने समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। मातृशक्तियों ने आरती उतारकर केक काटकर इस जीत को खास बनाया। इस अवसर पर लाला साहू ने समाज के लोगों की मंशा के अनुरूप वे काम करेंगे और सबको साथ लेकर चलेंगे। अपने ऐतिहासिक जीत को उन्होने समाज के लोगो का असीम स्नेह एवं प्रेम बताया।

# गांजा तस्करी गैंग का मास्टर माइंड मध्यप्रदेश से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कपड़ा बेचने की आड़ में गांजा की तस्करी किए जाने के मामले में पुलिस ने मध्यप्रदेश के सतना से इस प्लान के मास्टर माइंड आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 215 किलो गांजा जब्ती के इस मामले में अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में केस दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, परिवहन तथा बिक्री के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत लगातार चेकिंग व कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में, 'इंड टू इंड इन्वेस्टिगेशन' और 'फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन' पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना बसना पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करों के एक बड़े नेटवर्क पर शिकंजा कसा गया है। मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि 10.05.2026 को थाना बसना पुलिस को मुखबिर सूचना पर पदमपुर (ओडिशा) की ओर से कतार में बसना की ओर आ रही 5 मोटरसाइकिलों की घेराबंदी कर पकड़ा गया था। तस्करों ने पुलिस को चकमा देने अपनी बाइकों की पिछली सीट पर लोहे का एक विशेष जाला (कंपार्टमेंट) बनवाया था, जिसमें 215 किलो गांजा छिपा कर रखा गया था और ऊपर से चारों ओर कपड़ा बांधकर वे फेरीवाले (स्ट्रीट वेंडर्स) होने का दिखावा कर रहे थे। मौके से 5 तस्करों को गिरफ्तार कर ओडिशा के बालिगुड़ा से लाया जा रहा करोड़ों का गांजा जब्त किया गया था।

## बिनौरी में भाजपा कार्यकर्ताओं को मिला डिजिटल लर्निंग का मंत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के आह्वान पर मंडल फिंगेश्वर के तत्वाधान ग्राम बीनौरी में डिजिटललर्निंग प्रोग्राम में बूथ अध्यक्ष और भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण करवाया गया। इस अवसर में बहन देवकी साहू महिला मोर्चा डिजिटल लर्निंग मंडल प्रभारी के जन्मदिवस पर प्राथमिक शाला बिनौरी में वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष मंजुलता हरित,महिला मोर्चा मंडल प्रभारी देवकी सहप्रभारी मधु नथानी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संगीता साहू, किसान मोर्चा मंडल महामंत्री शीतल साहू, अनिल साहू, सेवक साहू, घनश्याम साहू, तोरण राम, टीकम साहू, गीता साहू आदि उपस्थित हुए।

# जिला व विशेष न्यायालयों की स्थापना के लिए चीफ जस्टिस से मिला वकीलों का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



गरियाबंद में जिला न्यायालय एवं विशेष न्यायालयों की स्थापना की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने गरियाबंद में जिला न्यायालय की स्थापना तथा तब तक एनडीपीएस, एससी-एसटी और विद्युत न्यायालय शुरू किए जाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य न्यायाधीश को बताया कि वर्ष 2011-12 में जिला एवं सत्र न्यायालय की स्थापना के बावजूद गरियाबंद में अब तक एनडीपीएस, एससी-एसटी और विद्युत मामलों की सुनवाई के लिए पृथक न्यायालय नहीं हैं। इसके चलते जिले के लोगों को इन मामलों की सुनवाई के लिए रायपुर जाना पड़ता है, जिससे आर्थिक, मानसिक और समय संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

अधिवक्ता संघ ने बताया कि ओडिशा सीमा से लगे होने और अनुसूचित जाति एवं जनजाति बाहुल्य जिला होने के कारण एनडीपीएस तथा एससी-एसटी अधिनियम से जुड़े मामलों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है। ऐसे मामलों की सुनवाई रायपुर में होने से न्याय प्रक्रिया प्रभावित होती है। गरियाबंद में आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं, इसलिए यहां विशेष न्यायालयों की स्थापना से आम नागरिकों को सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय मिल सकेगा।

मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों पर सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि अधिवक्ता संघ अपनी मांग राज्य शासन के समक्ष भी प्रमुखता से रखे, ताकि प्रशासनिक और वित्तीय प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। प्रतिनिधिमंडल में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन, वरिष्ठ अधिवक्ता मुर्तज़ा खान, लोकनाथ साहू, झनक राम साहू और प्रशांत मानिकपुरी शामिल रहे। अधिवक्ता संघ ने उम्मीद जताई कि जिला न्यायालय और विशेष न्यायालयों की स्थापना से जिले की न्यायिक व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी तथा आम लोगों को न्याय के लिए दूसरे जिले का रुख नहीं करना पड़ेगा।

## पेज 9 के शेष...

### एनएच 130 सी...

चुकी हैं। भारी वाहनों और लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क किनारे 3 से 4 फीट गहरे और जानलेवा गड्ढे निर्मित हो गए हैं। इस सिंगल और संकरी सड़क पर जब दो वाहन आमने-सामने आते हैं, तो साइड देते समय जैसे ही पहिया नीचे उतरता है, गाड़ियां अनियंत्रित होकर पलट जाती हैं। सबसे ज्यादा जान जोखिम में डालकर दोपहिया वाहन चालक सफर कर रहे हैं।

### राम मंदिर में...

नारेबाजी की और चेतावनी दी कि यदि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। प्रदर्शन में कांग्रेस के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, महिला कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

### एक ही रात में दो...

के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया वहीं ग्राम आमनेर में भगवती कोसले ने अपने घर के रसोईघर में साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने आवाज देने पर कोई जवाब नहीं मिलने पर अंदर जाकर देखा तो वह फंदे पर लटकी मिलीं।

### नवापारा में सांडों...

कहाँ से आ रहे हैं, यह सवाल हर किसी के मन में है। कई लोग आशंका जता रहे हैं कि आसपास के क्षेत्रों या दूसरे शहरों से आवारा सांडों को लाकर नवापारा में छोड़ दिया जाता है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन लगातार बढ़ती संख्या ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। नगरवासियों के अनुसार अब तक कई लोग सांडों के हमले का शिकार हो चुके हैं। किसी का हाथ-पैर टूट गया, किसी की कमर में गंभीर चोट आई तो कई लोगों को फ्रेक्चर होने के कारण लंबे समय तक उपचार कराना पड़ा। बुजुर्ग, महिलाएं और स्कूली बच्चे सबसे अधिक भय के माहौल में हैं। दोपहिया वाहन चालक भी हमेशा आशंकित रहते हैं, क्योंकि सांड अचानक सड़क पर दौड़ पड़ते हैं या आपस में लड़ने लगते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। व्यापारियों का कहना है कि बाजार में ग्राहक भी डर के माहौल में खरीदारी करते हैं। कई बार सांड सब्जियों और फलों की दुकानों में घुस जाते हैं, जिससे सामान का नुकसान होता है।

## सिकासार जलाशय का पानी कोड़ार भेजने की स्वीकृति पर भड़के किसान

# पहले स्थानीय खेतों को मिले सिंचाई का पानी, फिर दूसरे जिले को दें : संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

सिकासार जलाशय का पानी महासमुंद जिले के कोड़ार जलाशय तक पहुंचाने की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र में विरोध शुरू हो गया है। किसान संगठनों ने कहा कि पहले सिकासार जलाशय का पानी स्थानीय किसानों को सिंचाई के लिए उपलब्ध कराया जाए, उसके बाद ही दूसरे जिले में पानी भेजने का निर्णय लिया जाए। इसे लेकर किसान संगठन आंदोलन तेज करने की तैयारी में जुट गए हैं। किसान नेताओं का कहना है कि सिकासार जलाशय का निर्माण क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा देने और कृषि विकास के उद्देश्य से किया गया था। इसके बावजूद आज भी आसपास के कई गांवों तक नहरों का विस्तार नहीं हो पाया है। इससे बड़ी संख्या में किसान पर्याप्त सिंचाई सुविधा से वंचित हैं और खेती पूरी तरह बारिश पर निर्भर है। किसानों का आरोप है कि स्थानीय जरूरतें पूरी किए बिना जलाशय का पानी दूसरे जिले में भेजने का फैसला उचित नहीं है। उनका कहना है कि वर्षों से वे सिंचाई व्यवस्था की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। इस मुद्दे को लेकर किसान संगठन पहले भी जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं।

### नहर विस्तार न होने पर व्यापक आंदोलन की चेतावनी



प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मुलाकात कर स्थानीय किसानों को प्राथमिकता देने की मांग भी कर चुका है।इसी कड़ी में किसान संगठन के पदाधिकारियों ने सिकासार जलाशय और आसपास के प्रभावित गांवों का दौरा कर किसानों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यदि जल्द सिंचाई व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। किसानों ने प्रशासन से स्थानीय कृषि जरूरतों को प्राथमिकता देने और नहर विस्तार का कार्य जल्द पूरा करने की मांग की है। फिलहाल सिकासार जलाशय के पानी को लेकर किसानों और प्रशासन के बीच खींचतान जारी है। अब सभी की नजर सरकार और प्रशासन के अगले फैसले पर टिकी है कि पहले स्थानीय किसानों की वर्षों पुरानी सिंचाई की मांग पूरी होती है या फिर कोड़ार जलाशय तक पानी पहुंचाने की योजना आगे बढ़ाई जाती है।

बिजनेस साइट

### लाइफ केयर डायग्नोस्टिक में एमआरआई मशीन का शुभारंभ

**गोबरा नवापारा।** राजिम-नवापारा क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है। लाइफ केयर डायग्नोस्टिक सेंटर में सोमवार को अत्याधुनिक एमआरआई मशीन का शुभारंभ किया गया। इससे अब क्षेत्रवासियों को एमआरआई जांच के लिए रायपुर या अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह सुविधा राजिम-नवापारा क्षेत्र में पहली बार शुरू की गई है। केंद्र का उद्घाटन डॉ. बलजीत सिंह एवं डॉ. कौर के करकमलों से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने नई स्वास्थ्य सुविधा को क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात बताते हुए डॉ. आयुष शर्मा को शुभकामनाएं दीं। डॉ. आयुष शर्मा ने बताया कि केंद्र में अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित एमआरआई जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। अनुभवी रेडियोलॉजिस्ट की देखरेख में मरीजों को सटीक एवं विश्वसनीय जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाएगी। उद्घाटन के अवसर पर विशेष छूट की भी घोषणा की गई। इस अवसर पर चिकित्सक, गणमान्य नागरिक, परिवारजन एवं बड़ी संख्या में शुभचिंतक उपस्थित रहे। सभी ने क्षेत्र में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को समय की आवश्यकता बताते हुए इस पहल की सराहना की।



## खबर संक्षेप

### प्रेमासाई महाराज ने डा. रमन सिंह से की भेंट

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से माँ मातंगी दिव्य धाम के पीठाधीश परम-पूज्य डॉ. प्रेमासाई महाराज ने विधानसभा निवास में सौजन्य भेंट की। इस दौरान धर्म, संस्कृति, सामाजिक सरोकार और जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। डॉ. प्रेमासाई महाराज ने धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम की सराहना करते हुए 13 जुलाई से प्रारंभ हो रहे विधानसभा सत्र के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भारत निर्माण कॉन्क्लेव-2026 में मिले सर्टिफिकेट ऑफ ऑनर सम्मान पर महाराज जी को बधाई देते हुए समाज में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान महाराज जी ने भारत के प्रथम माँ कोत्रावै मंदिर के आगामी प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने का आमंत्रण भी दिया जिसे डॉ. रमन सिंह ने सहर्ष स्वीकार किया ।

### नायकबांधा में किया सामूहिक पौधारोपण

**अभनपुर।** श्री राम नगर नायकबांधा में कॉलोनीवासियों द्वारा सामूहिक वृक्षारोपण किया गया। अध्यक्ष मनहरण देवांगन ने बताया कि वृक्षारोपण का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन तथा जैव विविधता को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित कर स्वच्छ प्राणवायु (ऑक्सीजन) उपलब्ध कराने, मिट्टी के कटाव को रोकने तथा भूमि की उर्वरता बनाए रखने के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस दौरान अध्यक्ष मनहरण देवांगन, सचिव महेंद्र चंद्राकर, पोखन लाल सिन्हा, उदय प्रजापति, चूरामन ध्रुव, चोखेलाल साहू, गुरुमुख मांझी, किशोर वर्मा, उत्तम साहू, यशोदा देवांगन, नूतन चंद्राकर, हिना चंद्राकर, पुष्पा साहू और दामिनी वर्मा, साकेत, टुसू, तिरु, हिमानी, हेतांश, शिब्बू, मारू, मिष्टी, वाणी उपस्थित रहे।

### नवागांव स्कूल में छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव में चिरायु दल द्वारा बच्चों स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। टीम में प्रमुख रूप से आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. रूहीनाज, फार्मासिस्ट ओंकार गुप्ता, एमएलटी योगेश्वरी ध्रुव एवं मीना पटेल एएनएम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

**अनदेखी : कलेक्टर से लेकर मंत्रियों तक गुहार बेकार, माध्यमिक शाला की इमारत जर्जर**

# रूवाड को 14 साल बाद भी हाईस्कूल नसीब नहीं अपना भवन, टिन शेड के नीचे भविष्य संवार रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

हाईस्कूल या हायर सेकेंडरी विद्यालय के भवन का निर्माण छात्रों की बढ़ती संख्या और शिक्षा के स्तर को ध्यान में रखकर किया जाता है। एक आर्दश इमारत में स्मार्ट क्लासरूम, विज्ञान प्रयोगशाला (भौतिक, रसायन,जीव विज्ञान ) पुस्तकालय, विशाल खेल का मैदान और सुरक्षा के लिए अग्नि शमन उपकरण जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल होती है। ज्ञात हो कि ग्राम रूवाड में शासकीय हाईस्कूल की सौगात वर्ष 2013 - 14 में मिली थी। मगर 14 साल बाद भी अब तक खुद का भवन नहीं मिल सका है। स्कूल भवन की कमी से छात्रों को मजबूरन टीना शेड के नीचे पढ़ना पड रहा है, इसके साथ माध्यमिक शाला भवन भी जर्जर हालत में है। यहां बच्चे न तो पक्के स्कूल भवन में पढाई कर पा रहे हैं,न ही सुरक्षित माहौल में। भीषण गर्मी, कड़ाके की ठंड और बारिश के बीच बच्चे छप्पर के नीचे बैठकर पड़ रहें हैं। मालूम हो कि हायर सेकेंडरी स्कूल भी 2016 -17 में संचालित कर दिया गया।यह एक बेहद गंभीर और संवेदनशील समस्या है। जब एक ही भवन में एक से अधिक स्कूल संचालित होते हैं या बच्चों को दूसरे स्कूल में जाकर पढ़ना पड़ता है, तो इससे उनकी पढ़ाई और सुरक्षा दोनों पर सीधा बुरा असर पड़ता है।





### नेताओं से लेकर संत्री तक सिर्फ आश्वासन का खेल

शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ललित राम नेताम, सरपंच विजय कृष्णा नागेश, उपसरपंच महेश राम सोरी, ग्राम पटेल कृष्णा ठाकुर, अलाल नागेश, छबीलाल नेताम ने बताया कि इस संबंध में कलेक्टर, विधायक, सांसद, प्रभारी मंत्री से लेकर संत्री तक अपनी मांग रख चुके हैं, मगर अभी तक सिर्फ आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला। बेंच है.. डेस्क है.. शिक्षक है.. छात्र भी है.. ब्लैक बोर्ड की भी व्यवस्था है बस नहीं है तो स्कूल की छत.. छत नहीं है तो क्या हुआ टिना सेट वाली जुगाड है ना उसी में भविष्य संवारने का काम किया जा रहा है। यह कोई फिल्म का सीन नहीं बल्कि ग्राम रूवाड हाईस्कूल की वास्तविक स्थिति है, यहां शिक्षा की लौ तो जल रही है पर बिना छत के। शिक्षा को मौलिक अधिकार का दर्जा दिए जाने के बावजूद आज भी ग्रामीण इलाकों में विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं के अभाव में बच्चों की पढ़ाई जारी है। विद्यालय के पास खुद की स्थायी भवन नहीं होने के कारण बच्चे बरसात के दिनों में पढ़ाना असंभव हो जाता है, शिक्षक बच्चों को पढ़ाने का हरसंभव प्रयास करते हैं, लेकिन संसाधनों की कमी उनके प्रयासों पर भारी पड़ती है। विद्यालय को अपना भवन मिलने से पढाई की गुणवत्ता में सुधार होगा और बच्चों की उपस्थिति भी बढ़ेगी।



## आफत बनी सुंदरलाल शर्मा चौक की पुलिया, चोक हो रही जल निकासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

राजिम बस स्टैंड के समीप पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक से कुछ ही दूरी पहले स्थित एक छोटी पुलिया अब सुविधा से अधिक परेशानी का कारण बन चुकी है। राष्ट्रीय राजमार्ग-130 रायपुर-गरियाबंद मार्ग पर बनी यह पुलिया वर्षों पुरानी है और वर्तमान यातायात तथा जल निकासी की आवश्यकता के अनुरूप नहीं रह गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पुलिया इतनी छोटी और संकरी है कि पूरी तरह बैठ चुकी है, जिसके कारण नाले का पानी यहां रुक जाता है और बरसात के दिनों में जलभराव की स्थिति बन जाती है। शहरवासियों का कहना है कि जब भी तेज बारिश होती है, नाले का पानी पुलिया के नीचे से पर्याप्त मात्रा में नहीं निकल पाता। परिणामस्वरूप पानी सड़क किनारे जमा होने लगता है, जिससे वाहन चालकों और पैदल राहगीरों दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार जलभराव के कारण सड़क की वास्तविक स्थिति दिखाई नहीं देती और दुर्घटना की आशंका भी बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का मानना है कि अब इस पुलिया की उपयोगिता समाप्त हो चुकी है। उनका सुझाव है कि पुलिया को हटाकर नाले की जल निकासी को अंडरग्राउंड बॉक्स ड्रेन या पर्याप्त चौड़ाई वाली आरसीसी संरचना के माध्यम से विकसित किया जाए। इससे न केवल बरसाती पानी आसानी से निकल सकेगा, बल्कि सड़क का संकरा हिस्सा भी चौड़ा हो जाएगा।

## जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू ने दिव्यांगों को बांटी ट्राइसाइकिल व व्हीलचेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुरसाबांधा

जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू ने सोमवार को अपने जन्मदिवस को सेवा, संवेदनशीलता एवं जनकल्याण के संकल्प के साथ मनाते हुए जरूरतमंद दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल एवं व्हीलचेयर वितरित की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग हितग्राहियों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। कार्यक्रम के दौरान मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल का वितरण शांताबाई पति अमेरिका निषाद, ग्राम लोहरसी, गणेश दास वैष्णव एवं कन्हैया वैष्णव ग्राम श्यामनगर, लक्ष्मी साहू तथा खोरबहरा ग्राम सिंधौरी को किया गया। वहीं व्हीलचेयर नमन साहू पिता पुनीत साहू, ग्राम खुंटेरी, सिरजौती पति कार्तिक साहू, ग्राम लफंदी तथा रूखमणी साहू पति रामरतन साहू, ग्राम लोहरसी को प्रदान की गई। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू ने कहा कि जन्मदिवस जैसे विशेष अवसर को समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए समर्पित करना उनके लिए सबसे बड़ा सौभाग्य है। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, मंजू-दिनेश साहू, हीरामणि साहू, नीता-सोहन साहू, उमा साहू, गोदावरी साहू, मंजू साहू, प्रेमिन ध्रुव, टायल साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



हितग्राहियों एवं उनके परिजनों ने मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल और व्हीलचेयर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इन सहायक उपकरणों से उनके दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयाँ काफी हद तक कम होंगी तथा आवागमन में सुविधा मिलेगी। पूरा कार्यक्रम सेवा, सहयोग एवं सामाजिक सरोकार की भावना से ओत-प्रोत रहा। उपस्थित लोगों ने इंद्राणी साहू के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया।

## बोडरा बांधा अ में मनरेगा कार्य में लापरवाही: एक ही दिशा में बना दिया तालाब का इनलेट और आउटलेट





हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डुका

विकासखंड छूरा के ग्राम पंचायत बोडरा बांधा अ में रोजगार गारंटी के तहत 8.69 कुल स्वीकृत राशि से शीतला तालाब में गहरीकरण वा निर्माण कार्य कराए गए हैं। पर यहां बनाए जाने वाले आउट और इन कार्यों में भारी गड़बड़ी का मामला सामने आया है। ग्राम के युवकों जिसमें राजपाल यादव, जितेंद्र साहू, केशव साहू पालसिंग ध्रुव, दुष्यन्त ध्रुव, खेमेश्वर ध्रुव, आदि ने मौके पर जाकर मीडिया को दिखाया कि ग्राम के शीतला तालाब में हाल ही में हुए तालाब गहरीकरण के लिए शासन के मंशा अनुरूप जो कार्य होना चाहिए था वह नहीं हुआ है। आउट जिसमें पानी घुसेगा और इन जिसमें ज्यादा पानी होने के बाद वह बाहर किया जा सके। इसलिए पानी घुसने के लिए और पानी बाहर निकालने के लिए आउट और इन बनाया जाता है जिसमें ग्राम पंचायत जिम्मेदार व जनपद पंचायत के जिम्मेदार कर्मचारी अधिकारी द्वारा गड़बड़ी की गई है। एक ही दिशा में दोनों को बना दिया गया है। पानी घुसेगा पर निकलना नहीं। ऐसे में रोजगार गारंटी की शासकीय योजनाओं में इस तरह की लापरवाही बरती जा रही है। शासन प्रशासन से इस पर निष्पक्ष जांच कर ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत की जिम्मेदारो के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।। इस बारे में जानकारी लेने इंजीनियर वत्सला ध्रुव को फोन किया गया पर उन्होंने फोन नहीं उठाया। वहीं इस बारे में सरपंच ग्राम पंचायत बोडरा बांधा, अ, देवकुमार दीवान ने बताया कि जहां पर गांव वालों ने बनाने के लिए बोला वहीं पर बनाए हैं और वहीं के मिस्त्री और मजदूरों ने काम किया है। मैं तो केवल मटेरियल दिया हूं। वहां का काम रोजगार सहायक देख रहा था। रमेश कंवर प्रोग्राम अधिकारी जनपद पंचायत छुरा ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा जहां पर बोले गए होंगे वहीं पर बनाए होंगे मैं दिखवा कर पता करवा लेता हूं कैसे बनाया है।

## जिले के सभी स्कूलों और कार्यालयों में बनेंगे इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब

**गरियाबंद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए सभी शासकीय एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों तथा शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब का गठन किया जाएगा। निर्वाचन कार्यालस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के समस्त विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए ईएलसी फ्यूचर वोटर्स का गठन किया जाएगा। जबकि प्रत्येक मतदान केंद्र स्तर पर स्थानीय नागरिकों की सहभागिता से चुनाव पाठशाला संचालित होगी। वहीं सभी शासकीय एवं निजी संस्थानों तथा कार्यालयों में वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन कर अधिकारी-कर्मचारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। सभी संबंधित संस्थानों को क्लबों का गठन कर नोडल अधिकारियों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करने, निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़ने तथा नियमित रूप से चुनावी साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इन गतिविधियों के अंतर्गत संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की जानकारी, भारत निर्वाचन आयोग की भूमिका, मतदाता सूची और मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रदर्शन, मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया की जानकारी, नैतिक एवं जागरूक मतदान को प्रोत्साहित करने वाले कार्यक्रम, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, मॉक पोल, निबंध प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न सहभागितापूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा, चुनाव से संबंधित भ्रामक सूचनाओं और फर्जी खबरों की पहचान तथा उनके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## नंदनी नेताम ने छात्रावासों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अन्तर्गत आश्रम छात्रवासों का भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेशमंत्री श्रीमती नंदनी नेताम एवं जनपद सदस्य श्रीमती कुमारी बाई पटेल ने निरीक्षण कर जायजा लिया साथ ही आश्रम छात्रवासो में बच्चों को शासन के निर्धारित मापदण्ड के अनुसार भोजन देने को कहा है साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए बारिश के इन दिनो आश्रम छात्रवासो में साफ सफाई के साथ वि"ाेश सावधानी बरतने को कहा है। मैनपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय (आश्रम) का निरीक्षण किया गया । इस अवसर पर छात्रओं से आत्मीय संवाद कर उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, खान–पान, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। बच्चियों का उत्साह, अनुशासन और सीखने की लगन देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। विद्यालय की अधिकांश व्यवस्थाएँ संतोषजनक पाई गईं, वहीं कुछ कमियाँ भी चिन्हित की गईं, जिनके शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। भाजपा नेत्री श्रीमती नंदनी नेताम ने कहा हम सभी का दायित्व है कि दूरस्थ एवं जनजातीय क्षेत्रें की प्रत्येक बेटी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित वातावरण और बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध हों। यही हमारे उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है।बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण ही विकसित समाज की पहचान है।



## वेतन विसंगति को लेकर सहायक शिक्षकों का हल्लाबोल, 15 को विधानसभा घेराव की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आगामी 15 जुलाई को राजधानी रायपुर में आयोजित होने वाले विधानसभा घेराव कार्यक्रम को लेकर गरियाबंद जिले के सहायक शिक्षकों में व्यापक उत्साह देखा जा रहा है। फेडरेशन की जिला इकाई ने आंदोलन की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। जिले के सभी विकासखंडों में बैठकों का दौर जारी है तथा अधिक से अधिक शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पदाधिकारियों द्वारा लगातार संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।



फेडरेशन के जिलाध्यक्ष कुमेन्द्र कश्यप ने बताया कि यह आंदोलन किसी एक व्यक्ति या संगठन का नहीं, बल्कि प्रदेश के हजारों सहायक शिक्षकों के सम्मान, अधिकार और भविष्य से जुड़ा जनआंदोलन है। उन्होंने कहा कि वर्षों से लंबित शिक्षक हितों की मांगों के निराकरण के लिए संगठन द्वारा शासन-प्रशासन के समक्ष कई बार ज्ञापन, चर्चा एवं शांतिपूर्ण प्रयास किए गए, लेकिन अपेक्षित समाधान नहीं मिलने के कारण अब लोकतांत्रिक तरीके से विधानसभा घेराव का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया था, लेकिन आज भी सहायक शिक्षकों की अनेक महत्वपूर्ण मांगें लंबित हैं। इन्हीं मांगों को लेकर प्रदेशभर के शिक्षक एक मंच पर एकत्र होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

फेडरेशन की प्रमुख मांगों में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान करना, टेट की अनिवार्यता समाप्त करते हुए सेवारत शिक्षकों की सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करना, पूर्व सेवा की गणना कर पूर्ण पेंशन सहित समस्त सेवानिवृत्ति लाभ प्रदान करना, लंबित पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी लाकर शीघ्र पदोन्नति आदेश जारी करना तथा वीएसके (टैज्ञ) के कारण शिक्षकों पर पड़ रहे अनावश्यक मानसिक तनाव एवं वेतन कटौती पर तत्काल रोक लगाना प्रमुख हैं।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### गौ माता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने हस्ताक्षर अभियान

**मैनपुर।** गौ सम्मान आह्वान अभियान अंतर्गत गौ माता को राष्ट्रमाता सम्मान प्रदान करने हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। पिछले एक पखवाड़े से गांव-गांव कार्यक्रम आयोजित कर लोगों से आह्वान किया जा रहा है। सोमवार को मैनपुर बस स्टैंड में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान देवराज साहू, पीयुश ग्वाले, राजा सोनवानी, आकाश मिश्रा, तुलसीनारायण नायक, युगदास वैष्णव, डायमंड दुबे, गजेन्द्र साहू, सुरेन्द्र सहित बड़ी संख्या में युवागण कार्यक्रम आयोजित कर गौ माता को राष्ट्रमाता सम्मान प्रदान करने हस्ताक्षर अभियान मे शामिल हुए। इस दौरान गौ सेवा केन्द्रीय कानून बने भारत वर्ष में गौ हत्या पूरी तरह बंद करने जैसे मांगों को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### भाजपा नेताओं ने बरोण्डा में चलाया डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म अभियान



**सुरसाबांधा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा ग्राम बरोण्डा में डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भाजपा कार्यकर्ताओं को डिजिटल युग की नई तकनीकों से जोड़ना तथा संगठनात्मक कार्यों में डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग के लिए प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के सही एवं प्रभावी उपयोग, ऑनलाइन अध्ययन सामग्री तक पहुंच, डिजिटल संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल तथा संगठनात्मक गतिविधियों में तकनीक के महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही डिजिटल माध्यमों के जरिए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं संगठन की गतिविधियों को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के बारे में भी मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कहा कि डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म अभियान के अंतर्गत मंडल में 300 से अधिक पंजीयन पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के उत्साह और सक्रिय सहभागिता से यह अभियान लगातार सफल हो रहा है तथा आने वाले समय में और अधिक लोगों को इससे जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेंद्र साहू, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष आशीष साहू, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मनीष साहू, सामाजिक कार्यकर्ता रूपेश साहू एवं भाजयुमो नेता नरेंद्र साहू उपस्थित रहे।

## निधन

### दयाराम साहू



**कोपरा।** ग्राम भेंडरी निवासी दयाराम साहू का निधन हो गया उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

**प्रदर्शन :** राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी के विरोध में कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन

# श्रद्धालुओं की आस्था के धन में अनियमितता बर्दाश्त नहीं, दोषियों की हो गिरफ्तारीः यशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में चढ़ावे से जुड़ी कथित चोरी के मामले को लेकर सोमवार को नवापारा शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों की गिरफ्तारी तथा श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सांकेतिक रैली निकालकर नारेबाजी भी की। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए रायपुर जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू के बेटे यशवंत साहू ने अपने भाषण की शुरूआत जय सियाराम के उदघोष से की। उन्होंने कहा कि जनता ने विपक्ष को अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की जिम्मेदारी दी है और कांग्रेस उसी दायित्व का निर्वहन कर रही है। उन्होंने कहा कि मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाया गया चढ़ावा उनकी आस्था और विश्वास का प्रतीक होता है, इसलिए उसकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। यशवंत साहू ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और आम जनता की परेशानियों पर कोई जवाब नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने राम मंदिर में चढ़ावे से जुड़े कथित मामले की निंदा करते हुए कहा कि लोग मंदिर के विकास और भगवान श्रीराम के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करने के लिए दान करते हैं, ऐसे में यदि उस धन में अनियमितता होती है तो यह अत्यंत गंभीर और निंदनीय विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। अपने आक्रामक अंदाज में उन्होंने कहा कि अन्याय के खिलाफ कांग्रेस का संघर्ष लगातार जारी रहेगा। किसान, मजदूर और गरीबों के हितों से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने राजनीतिक टिप्पणी करते हुए कहा कि नकटी तो एक झांकी है, अभी पूरा छत्तीसगढ़ बाकी है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि संघर्ष के दौरान किसी प्रकार की कार्रवाई होती है तो वे उसका सामना करने के लिए तैयार हैं।







### श्रेय लेने वाली भाजपा नैतिक जिम्मेदारी भी स्वीकार करेः धनराज मध्यानी

इस अवसर पर नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी ने कहा कि जब राम मंदिर निर्माण का श्रेय भाजपा लेती है तो मंदिर में हुई कथित गड़बड़ी की नैतिक जिम्मेदारी भी उसे स्वीकार करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता से किए गए वादे सत्ता में आने के बाद भुला दिए जाते हैं, जबकि महंगाई लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कथित चोरी के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। कार्यक्रम का संचालन नवापारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव ने किया।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जनपद उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू,नपा के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह, कांग्रेस नेता शेखर बाफना, डोमन साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष गिरधारी साहू, पार्षद रामरतन निषाद, राजा चावला, निर्माण यादव,अजय साहू, राकेश सोनकर, सुरेंद्र साहू, चतुर जगत ,पार्षद दीपाली राजपूत, टिकेश्वर गिलहरे, अर्जुन साहू, अनुप खरे, हेमंत साहनी,फागु देवांगन,तरूण कंसारी, वीरेंद्र राजपूत, रामकुमार शर्मा,शंकर साहू, बजरंगी कंसारी, गुड्डु मिश्रा, सौरभ सोनी, अजय गाड़ा,घनश्याम साहू उपस्थित रहे। धरना समाप्त होने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राम मंदिर में चढ़ावे से जुड़े कथित मामले के विरोध में सांकेतिक रैली निकाली और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी की।

# यादव समाज की बैठक में सामाजिक एकता और शिक्षा पर दिया विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



ठेठवार यादव समाज छुरा राज का कार्यकारिणी बैठक शनिवार को ठेठवार समाज यादव भवन में संपन्न हुई। बैठक की शुभारंभ यादव समाज के ईष्ट देव दुनिया के पालनहार सचिदानंद भगवान श्रीकृष्ण जी की विधिवत पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस बैठक में ठेठवार यादव समाज रायपुर राज के पदाधिकारी भी शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज की एकता, संस्कृति एवं परंपराओं को सशक्त बनाएं रखने और समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में यह कार्यकारिणी बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। समाज के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सामाजिक एकता के विषय में चिंतन मनन किया गया। साथ ही ठेठवार और महतो गोत्र को आने वाले समय में उचित स्थान और मान-सम्मान करने की प्रस्ताव पारित किया गया। इस बैठक के सभापति प्रहलाद यदु ने कहा की ठेठवार समाज अपनी संगठन शक्ति को मजबूत करने लगातार प्रयास कर रही है। छुरा राज समाज के अध्यक्ष चमन लाल यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के विचार को आत्मसात कर एक बेहतर सभ्य समाज निर्माण में हम सभी का भागीदारी बनना चाहिए। समाज के संरक्षक धनीराम यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कृष्ण को आत्मसात कर समता मूलक समाज बनाने की जरूरत है, समाज का राजनीति में सहभागिता होना चाहिए किन्तु समाज में राजनीति नहीं होनी चाहिए। अपने सामाजिक अधिकार के लिए समाज को संगठित होकर शासन प्रशासन के पास अपनी बात रखना चाहिए। समाज में शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर समाज के संरक्षण शंकर लाल यदु, कोषाध्यक्ष परमेश्वर यादव, सचिव योगेश कुमार यादव, विधि सलाहकार होमेश्वर यादव, उपकोषाध्यक्ष डपेन्द्र यादव, संगठन मंत्री नंदलाल, ओमप्रकाश यादव, भरतयादव, मुकेश यादव, सतोष, लोकेश, किशोर, अभय, माधो राम यादव सहित ठेठवार यादव समाज छुरा राज के पदाधिकारी और

# शहरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : साहू





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

विधायक इंद्रकुमार साहू ने मुक्तिधाम के समीप स्थित जल फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्लांट के संचालन, रखरखाव एवं पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान विधायक ने फिल्टर प्लांट में आ रही तकनीकी एवं अन्य समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है और जल आपूर्ति से जुड़ी किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक श्री साहू ने तकनीकी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से प्लांट के संचालन में आ रही दिक्कतों, उनके कारणों तथा समाधान के संबंध में चर्चा की। उन्होंने आवश्यक सुधार कार्यों को तत्काल पूरा करने तथा पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी के प्रतिनिधि संजय साहू, पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, सभापति सचिन सचदेव, एल्डरमेन मुकुंद मेश्राम, धीरज साहू, भाजयुमो अध्यक्ष अंकित मेघवानी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने विधायक के निरीक्षण और त्वरित कार्रवाई के निर्देशों का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि इससे पेयजल व्यवस्था में सुधार होगा और आम जनता को राहत मिलेगी। विधायक श्री साहू ने अधिकारियों को नियमित रखरखाव, समय-समय पर जल गुणवत्ता की जांच तथा आपूर्ति व्यवस्था की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही नागरिकों से भी किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल संबंधित विभाग को सूचना देकर सहयोग करने की अपील की।

# खड़मा स्कूल में बेटे के जन्मदिन पर बच्चों को कराया नेवता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

ग्राम खड़मा के प्राथमिक शाला में 10 जुलाई को गौरव नंदे ने अपने छह वर्षीय पुत्र सारस नंदे का जन्मदिन अनोखे और प्रेरणादायी अंदाज में मनाया। उन्होंने बेटे का विद्यालय में प्रवेश कराने के साथ ही विद्यालय परिसर में नेवता भोज का आयोजन किया। नेवता भोज में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के सभी छात्र-छात्राओं को स्नेहपूर्वक भोजन कराया गया। बच्चों को खीर, पूड़ी, हलवा, सेवई, दाल, चावल एवं सब्जी परोसी गई। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं समस्त स्टाफ ने भी विद्यार्थियों के साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया।



जन्मदिन के अवसर पर गौरव नंदे ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए गांव के बांधा तालाब एवं खड़ादेव तालाब परिसर में छह पीपल के पौधे भी रोपे। उन्होंने बताया कि इन पौधों के बड़े होने पर क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगी और स्वच्छ ऑक्सीजन उपलब्ध होगी। ग्रामीणों एवं विद्यालय परिवार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जन्मदिन जैसे विशेष अवसर को शिक्षा, सामाजिक सहयोग और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना समाज के लिए प्रेरणादायी संदेश है। ऐसी पहल से बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ने के साथ-साथ प्रकृति संरक्षण के प्रति भी सकारात्मक सोच विकसित होगी।

# मानसून पर लगा ब्रेक, धान की फसल पर संकट, फसल बीमा प्रक्रिया ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

इस वर्ष अल नीनो के प्रभाव का असर पूरे खरीफ मौसम में देखने को मिल रहा है। शुरुआती दिनों में चार-पांच दिन अच्छी बारिश होने के बाद मानसून की रफ्तार अचानक धीमी पड़ गई है। लंबे अंतराल से पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण धान की फसल पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। खेतों में बोनी कर चुके किसान अब आसमान की ओर टकटकी लगाए बारिश का इंतजार कर रहे हैं। यदि समय पर पर्याप्त वर्षा नहीं हुई तो अंकुरित पौधों के सूखने और उत्पादन प्रभावित होने की




आशंका बढ़ गई है। क्षेत्र के अधिकांश किसान वर्षा आधारित खेती पर निर्भर हैं। हर वर्ष शासन द्वारा 1 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों का फसल बीमा कराया जाता है, ताकि प्राकृतिक आपदा, अल्प वर्षा, सूखा, अतिवृष्टि अथवा अन्य कारणों से फसल खराब होने पर किसानों को आर्थिक सहायता मिल सके। लेकिन इस वर्ष जुलाई का महीना शुरू होने के बावजूद अब तक फसल बीमा की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हो सकी है, जिससे किसानों में चिंता और असंतोष बढ़ता जा रहा है। किसानों का कहना है कि जब मौसम की अनिश्चितता पहले से ही बनी हुई है और अल नीनो का प्रभाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है, तब फसल बीमा की व्यवस्था समय पर शुरू होना और भी आवश्यक है। यदि धान की फसल को नुकसान होता है और किसानों का बीमा नहीं हो पाता, तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। ऐसे में छोटे और सीमांत किसानों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो सकता है।

**16 को नगर भ्रमण पर निकलेंगे भगवान**

# जगन्नाथ की रथयात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

धर्मनगरी राजिम में भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। लकड़ी से निर्मित भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के भव्य रथों को आकर्षक रंगों से सजाया जा रहा है। कारीगर बारीकी से रथों को नया स्वरूप देने में जुटे हैं, ताकि 16 जुलाई को निकलने वाली रथयात्रा श्रद्धालुओं के लिए दिव्य और भव्य बने। परंपरा के अनुसार योगिनी एकादशी पर भगवान जगन्नाथ को औषधीय काढ़ा पिलाया गया था। वर्तमान में महाप्रभु महामंडप में स्वास्थ्य लाभ की प्रतीकात्मक परंपरा के अंतर्गत विराजमान हैं। श्री राजीवलोचन मंदिर के सर्वराकार चंद्रभान सिंह ठाकुर ने बताया कि 16 जुलाई को भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा भव्य रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। रथयात्रा कन्या शाला रोड से प्रारंभ होकर सुभाष चंद्र बोस चौक, पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक, गोवर्धन चौक और महामाया चौक होते हुए महामाया मंदिर पहुंचेगी, जिसे भगवान की मौसी मां का घर माना जाता है। यहां रात्रि विश्राम के बाद 17 जुलाई को भगवान जनकपुर भवन के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां एक सप्ताह तक भक्तों को दर्शन देंगे। रथयात्रा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि भगवान के रथ को हजारों श्रद्धालु रस्सियों के सहारे खींचते हैं। धार्मिक मान्यता है कि रथ खींचने का सौभाग्य अत्यंत पुण्यदायी होता है।





### जनकपुर में सप्ताहभर चलेगा महाप्रसाद

जनकपुर में भगवान के प्रवास के दौरान प्रतिदिन सुबह खिचड़ी का भोग तथा शाम को दाल-चावल का महाप्रसाद लगाया जाएगा। श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। अनेक भक्त अपनी मनोकामना पूर्ण होने अथवा पूर्ण होने की कामना से स्वयं के खर्च पर भोग-प्रसाद की व्यवस्था भी कराते हैं। राजिम के श्री जगन्नाथ रथयात्रा का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पूरे छत्तीसगढ़ के साथ-साथ ओड़िशा में भी विशेष माना जाता है। यहां भी भगवान जगन्नाथ को खिचड़ी का भोग लगाने की परंपरा निभाई जाती है। मान्यता है कि भगवान राजीवलोचन के दर्शन के बाद भगवान जगन्नाथ के दर्शन करना और फिर पुनः राजीवलोचन मंदिर में दर्शन करना अत्यंत शुभ माना जाता है। रथयात्रा के दौरान मौसमी फलों, विशेषकर आम की बिक्री भी बढ़ जाती है।

